**HIN1B04b : Structures élémentaires de la langue et thème II : contrôle continu n° 1 : mars 2013**
## Corrigé-type
### Première partie : traduisez en hindi
1) हालाँकि मुझे/मुझ को भारत जाने का मौक़ा कई बार मिला (है), फिर भी मैं अपना पहला सफ़र/अपनी पहली यात्रा हमेशा याद करूँगा/मैं अपने पहले सफ़र की याद हमेशा रखूँगा//मुझे अपना पहला सफ़र हमेशा याद रहेगा/मुझे अपने पहले सफ़र की याद हमेशा रहेगी । मैं उस ज़माने में/उन दिनों (में) छात्र था और मेरे पास बहुत पैसा नहीं था/ज़्यादा पैसे नहीं थे । मुझे हवाई जहाज़ का टिकट ख़रीदने के लिए काम करना पड़ा था ।

2) मैं एक दोस्त/मित्र के साथ सफ़र करता था जो संगीत सीखता/पढ़ता था । वह बाईस साल का था/उस की उम्र/उमर बाईस साल थी यानी कि वह मुझसे दो साल बड़ा था । वह हिन्दी नहीं जानता था/उसे हिन्दी नहीं आती थी लेकिन (वह) अंग्रेज़ी बोल सकता था ।

3) पैसे बचाने के लिए हम अकसर ट्रेन में ही सोते थे । जिन लोगों के साथ हम सफ़र करते थे वे बड़े अच्छे/बहुत भले (होते) थे । (वे) हमसे तरह-तरह के प्रश्न/सवाल पूछते रहते थे लेकिन हमें (अपने) घर का बना/बनाया खाना देते थे/दे देते थे/खिला देते थे ।

4) यह हमें/हमको/हम लोगों को कितना अच्छा लगता था ! एक दिन हमारे सामने बैठे हुए आदमी ने (जो आदमी हमारे सामने बैठा था उसने) हमको अपने घर बुलाया/आमंत्रित किया : उसके छोटे भाई की शादी होनी थी/होनेवाली थी और वह हमें एक हिन्दुस्तानी शादी/विवाह/ब्याह दिखाना चाहता था ।

5) हमें ताज महल देखने आगरा जाना था लेकिन हमने उसके साथ कानपुर में उतरने का फ़ैसला किया/कर लिया//हमने फ़ैसला किया कि कानपुर में उतरेंगे । परेशानी/समस्या यह थी/प्रॉबलम यह था कि (हमारे पास) कानपुर (तक) जाने का टिकट नहीं था (हमारे पास) ।

6) टिकट-बाबू टिकट चेक कर चुका था । (हमें/हमारी) समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें (हम नहीं समझ पा रहे थे कि क्या करें) । क्या बिना टिकट के सफ़र कर सकते थे ? दूसरे मुसाफ़िर/यात्री इस के बारे में/इस विषय पर बहस/बात करने लगे/दूसरे मुसाफ़िरों ने इसके बारे में बात करना शुरू किया...

### Deuxième partie : Complétez et suivez les consignes
1) a) एक छात्र जो मैच नहीं देखना चाहता था अपने कमरे में वापस चला गया ।

b) जो छात्र मैच नहीं देखना चाहता था वह अपने कमरे में वापस चला गया ।

(d'autres solutions grammaticalement correctes sont possibles, qui s'écartent davantage de la hiérarchie de l'information présente dans l'énoncé de départ : वह छात्र मैच नहीं देखना चाहता था जो अपने कमरे में वापस चला गया । / जो छात्र अपने कमरे में वापस चला गया वह मैच नहीं देखना चाहता था । / एक छात्र जो अपने कमरे में वापस चला गया मैच नहीं देखना चाहता था ।)

2) a) हमको वह रेशमी साड़ी ज़रा दिखाओ जो तुमने अपनी माँ के लिए ख़रीदी है !

b) जो रेशमी साड़ी तुमने अपनी माँ के लिए ख़रीदी है वह हमको ज़रा दिखाओ !

3) a) मैं एक शहर में पढ़ती हूँ जिस में पाँच विश्वविद्यालय हैं ।

b) जिस शहर में मैं पढ़ती हूँ उस (शहर) में पाँच विश्वविद्यालय हैं ।

(Avec "distorsion" par rapport à la hiérarchie de l'information : उस शहर में पाँच विश्वविद्यालय हैं जिस में मैं पढ़ती हूँ । / जिस शहर में पाँच विश्वविद्यालय हैं मैं उसी में पढ़ती हूँ ।)

4) a) बच्ची बेंच पर बैठे हुए (एक) आदमी के पास चली गई ।

b) माँ (बुनाई) टीवी देखते हुए/देखते-देखते/देखती हुई (बुनाई) कर रही थी ।

(माँ (टीवी) बुनाई करते-करते/करते हुए/करती हुई (टीवी) देख रही थी ।)

5) a) बच्चा टूटे हुए खिलौनों के साथ नहीं खेलना चाहता था ।

b) राहुल (मुस्कुराता हुआ) दुकान से (मुस्कुराता हुआ/मुस्कुराते हुए) निकल गया ।

6) a) क्या तुम पीला लहँगा पहनी हुई लड़की को जानती हो ?

b) राजू आँखें बन्द किए रेडियो सुन रहा था ।

7) - अच्छा बताओ, इन सभी कुरतों में से/में तुम्हें/तुमको कौनसा सबसे अच्छा लगा/लगता है/पसन्द है/पसन्द आया ?

- वह रंग-बिरंगा वाला काफ़ी सुन्दर है लेकिन, मेरे ख़्याल/विचार से/मेरे खयाल में/मेरी राय में,/मुझे लगता है कि यह सफ़ेद रेशम का [कुरता] उससे भी सुन्दर है ।

- हाँ, लेकिन यह ज़्यादा महँगा भी है ।

- तो क्या हुआ, पैसे तो मैं ही देता हूँ, न ?

8) a) बच्चों ने एक आदमी को छत पर चढ़ते हुए देखा था ।

b) हमने किसी को खिड़की खोलते हुए सुना था ।

9) a) → हालाँकी मेरी दीदी/वह मोटी नहीं है फिर भी/मगर/लेकिन उसने/मेरी दीदी ने आइस-क्रीम वग़ैरह खाना छोड़ दिया है ।

→ मोटी न होने पर भी/के बावजूद//न होते हुए भी मेरी दीदी ने आइस-क्रीम वग़ैरह खाना छोड़ दिया है ।

b) → माँ के मना करने पर भी/के बावजूद राधा और उसकी सहेलियों ने उनके कमरे में जाकर उनकी साड़ियाँ अलमारी से निकाली थीं ।

→ हालाँकि माँ ने मना किया था फिर भी राधा और उसकी सहेलियों ने उनके कमरे में जाकर उनकी साड़ियाँ अलमारी से निकाली थीं ।

10) – क्या हम कुछ देर छाँव में बैठ सकते हैं ? सुबह से दस किलोमीटर चल चुके हैं । साढ़े बारह बज चुके हैं । धूप बड़ी तेज़ है, बच्चे थके हुए हैं । लगता है कि अब इतनी जल्दी नहीं चल पाएँगे/चल सकेंगे/सकते//चलना चाहते !

– ठीक है, लेकिन दस मिनट से ज़्यादा नहीं, नहीं तो हम समय पर नहीं पहुँच पाएँगे/सकेंगे ।

11) a) – जैसे ही/ज्यों ही बच्चे स्कूल से लौटते हैं (वैसे ही/त्यों ही) माँ खाना परोस देती है ।

– बच्चों के स्कूल से लौटते ही माँ खाना परोस देती है ।

b) – जैसे ही/ज्यों ही राधा काम से आती थी (वैसे ही/त्यों ही) वह कपड़े बदलती थी ।

– (राधा) काम से आते ही (राधा) कपड़े बदलती थी ।

12) जिस भारतीय छात्र के साथ मैं हिन्दी सीखने लगा था/मैंने हिन्दी सीखना शुरू किया था, वह कई और छात्रों को भी ट्यूशन देता था । मैं उनसे अकसर मिलता था ।

13) मेरी/मेरे एक बहन है जिसको/जिसे कपड़ों की सिलाई में बचपन से बहुत ही दिलचस्पी/रुचि थी । अब उसकी दिल्ली में एक मशहूर बुटिक है । उसकी/उसके केवल/सिर्फ़ एक बेटी (ही) है जो फ़िलहाल पन्द्रह साल की है/जिसकी उम्र/उमर फ़िलहाल पन्द्रह साल है ।

14) लड़की को वही/यही शौक़ है । पढ़ाई ख़त्म/पूरी करते ही, वह भी अपनी बुटिक खोलना चाहती है । लेकिन इससे पहले वह चाहती है कि मैं उसे यूरोप (में) बुलाऊँ ताकि वह मिलानो या बार्सलोना की फ़ैशनेबल बुटिकें देख सके ।

15) a) ट्रेन बड़ी लेट थी, हम लोगों को चार घंटे इन्तज़ार करना पड़ा ।

b) तुम लोगों को अपने माता-पिता की इजाज़त लेनी चाहिए थी/लेने की ज़रूरत थी । अब पार्क जाकर पिकनिक नहीं मना सकोगे !

c) आपको बच्चों के सामने सिगरेट नहीं पीना चाहिए, यह उनकी सेहत के लिए अच्छा नहीं है ।

d) मुझे/मुझको अपनी माँ के लिए एक रेशमी साड़ी लेनी थी इसलिए बैंक से काफ़ी पैसे निकाले थे ।